देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 109 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...नेहरू इंदिरा के बराबर मोदी



देहरादून, शुक्रवार, 31 मई 2019

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 41.0° न्यूनतम 23.0°

39831.97

2 पीएम मोदी को मिलेगा सम्मान

7 कोहली के मोम के पुतले का अनावरण

## मोदी सरकार 2.0 में पीएम मोदी के साथ 58 मंत्रियों ने ली शपथ



# मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी.......

मोदी सरकार 2.0 ने शपथ ग्रहण के साथ ही आकार ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। मोदी सरकार 2.0 में कई नए चेहरों को भी जगह मिली है। पीएम के साथ उन मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली जिन्हें मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी इस बार मोदी कैबिनेट में मौजूद हैं।



### गडकरी, निर्मला, पासवान, प्रसाद ने ली शपथ

सरकार में चौथे मंत्री के तौर पर नितिन गडकरी ने शपथ ली। इसके बाद सदानंद गौड़ा ने अंग्रेजी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इससे पहले पीएम और तीन अन्य मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। पिछली सरकार में रक्षा मंत्री रहीं निर्मला सीतारमण, एनडीए के सहयोगी दल एलजेपी के प्रमुख रामविलास पासवान, नरेंद्र सिंह तोमर, पटना साहिब से जीते रविशंकर प्रसाद ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

### 24 कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ

■अमित शाह भी बने कैबिनेट मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरी बार देश की बागडोर संभाल ली है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पीएम मोदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

पीएम के बाद पिछली सरकार में गृह मंत्री रहे लखनऊ से बीजेपी के सांसद राजनाथ सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ऐसे में साफ है कि मोदी सरकार 2.0 में उनका कद दूसरे नंबर का होगा। सरकार में तीसरे नंबर पर अमित शाह ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। आपको बता दें कि पीएम के साथ 24 कैबिनेट मंत्रियों, 9 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 24 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली है।

## शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने बिम्स्टेक नेता दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के लिए गुरुवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिये श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरिसेना और भूटान के प्रधानमंत्री लोतेय त्शेरिंग, बांग्लादेश के राष्ट्रपति अब्दुल हामिद मोदी, मॉरिशस के पीएम प्रविंद कुमार जगन्नाथ भारत आए। शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिये थाईलैंड के विदेश दूत एवं मंत्री ग्रिसाडा बूनरैक भी पहुंचे।

म्यांमार के राष्ट्रपति यू विन मिंट,किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सूरोनबे जीनबेकोव भी पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमें नई दिल्ली में समारोह में इन गणमान्य लोगों की उपस्थिति से खुशी है। भारत ने मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बंगाल की खाड़ी बहु–क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था।

### सरकार में शामिल नहीं होगी जेडीयू

बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार में उनकी पार्टी शामिल नहीं होगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि केंद्र में इस तरह से सांकेतिक भागीदारी में कोई दिलचस्पी नहीं है। दरअसल, जेडीयू को कैबिनेट में एक पद ऑफर किया गया था जो उसे रास नहीं आया।

### हरसिमरत और प्रमुख दलित नेता गहलोत ने ली शपथ

हरसिमरत कौर बादल ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। थावर चंद गहलोत ने भी शपथ ली।

**पूर्व विदेश सचिव जयशंकर भी कैबिनेट मंत्री:** पूर्व विदेश सचिव डॉ. एस. जयशंकर ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। अमेरिका से न्यूक्लियर डील के अलावा चीन के साथ डोकलाम विवाद को बेहतर तरीके से सुलझाने में उनकी बड़ी भूमिका थी। वह चीन और अमेरिका में भारत के राजदूत भी रहे हैं।

**उत्तराखंड से निशंक और झारखंड से अर्जुन मंत्री:** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कैबिनट मंत्री के तौर पर शपथ ली। 3 बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा ने भी गुरुवार को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। वह राज्य के खूंटी से बीजेपी के सांसद हैं।

### राहुल को हराने वाली स्मृति भी सरकार में

अमेठी से कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी को हराने वाली स्मृति इरानी को मोदी कैबिनेट 2.0 में शामिल किया गया है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके बाद पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉ. हर्षवर्धन, मानव संसाधन विकास मंत्री रहे प्रकाश जावड़ेकर और रेल मंत्री रहे पीयूष गोयल ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। ओडिशा से ताल्लुक रखने वाले और पिछली सरकार में पेट्रोलियम मंत्री रहे धर्मेंद्र प्रधान ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

### मुस्लिम चेहरे नकवी को भी कैबिनेट में जगह

महेंद्र नाथ पांडे का प्रमोशन, शिवसेना से सावंत मंत्री, चंदौली से सांसद और यूपी के बीजेपी अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडे ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। बेगूसराय से जीते बीजेपी के फायरब्रैंड नेता गिरिराज सिंह ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। वह पिछली सरकार में लघु–मध्यम उद्योग मंत्री थे। हालांकि बेगूसराय में उन्होंने बड़े अंतर से जीत दर्ज की और कन्हैया कुमार को हराया। राजस्थान के बड़े नेता और जोधपुर से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। शेखावत ने अशोक गहलोत के बेटे को बड़े अंतर से हराया।

# सब्र और संघर्ष ने फर्श से अर्श तक पहुंचाया

## आंध्र प्रदेश के नए सीएम बने जगनमोहन रेड्डी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमरावती। पिता वाई. एस. राजशेखर रेड्डी के अचानक निधन के बाद कांग्रेस आलाकमान की उपेक्षा और आय से अधिक संपत्ति मामले में जेल जाने से ले कर नई पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के गठन तक जगनमोहन रेड्डी ने जीवन में काफी उतार–चढ़ाव देखा। आखिरकार उनके सब्र और संघर्ष ने उन्हें आज आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचा दिया। छोटे कारोबारी से शक्तिशाली नेता तक के 2 दशक लंबे अपनी करियर में वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष



जगनमोहन रेड्डी ने अच्छे और बुरे दिन दोनों देखे हैं।

कारोबारी के रूप में रेड्डी का एक दशक तक का करियर बिना किसी परेशानी वाला था लेकिन दूसरे दशक में राजनीति में आने के बाद उनकी जिन्दगी काफी उथल–पुथल भरी रही। रेड्डी ने विजयवाड़ा के आईजीएमसी स्टेडियम में आयोजित समारोह में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर तेलुगू भाषा में शपथ ली। वाईएसआर कांग्रेस ने आम चुनावों के साथ हुए आंध्र प्रदेश विस चुनाव में 175 में से 151 सीटें जीती हैं।

### सीएम पिता की मौत के बाद बदल गया सब कुछ

जगन ने कडप्पा से सांसद बनने की कोशिश की थी। आखिरकार कडप्पा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज कर उन्होंने राजनीति में कदम रखा। लेकिन 2009 में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनके पिता की मौत के बाद उनके लिए सब कुछ बदल गया।

### 2012 में विस उपचुनाव में सबको चौंकाया

रेड्डी ने साल 2011 में अपने पिता के नाम पर वाईएसआर कांग्रेस का गठन किया और अपने बूते पर राजनीतिक संघर्ष शुरू कर दिया। 18 कांग्रेस विधायकों के कांग्रेस छोड़कर वाईएसआर में आने के बाद वहां इन सीटों पर साल 2012 में उपचुनाव हुए।

# राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर इन्होंने ली शपथ

नई दिल्ली। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

8 बार लोकसभा सदस्य चुने गए बरेली में विकास पुरुष के नाम से मशहूर संतोष गंगवार ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। हरियाणा के गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत सिंह पांचवीं बार लोकसभा का चुनाव जीते हैं। इस सरकार में उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ दिलाई गई। राव पहले कांग्रेस पार्टी में थे। नॉर्थ गोवा से सांसद और पिछली सरकार में आयुष मंत्री रहे श्रीपद नायक ने भी राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली।

अरुणाचल से जीते किरण रिजिजू ने हिंदी में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ ली। इसके बाद दमोह से बीजेपी के सांसद प्रह्लाद पटेल ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ ली। अनुराग, बाबुल, आठवले ने राज्य मंत्री के तौर पर ली शपथ। पूर्व आर्मी चीफ जनरल वीके सिंह ने भी राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। प्रताप सारंगी भी बने राज्य मंत्री। पश्चिम बंगाल में बीजेपी की महासचिव और रायगंज से जीतीं देबश्री चौधरी, साध्वी निरंजन ज्योति, संजीव कुमार बालियान, संजय धोत्रे, सुरेश अंगाड़ी, केरल बीजेपी के अध्यक्ष वी. मुरलीधरन, रमन सरकार में मंत्री रहीं रेणुका सिंह ने भी राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली।

### रिजिजू, प्रह्लाद, आरके सिंह भी राज्य मंत्री